<u>नॉन फेयर रेवेन्यू योजना के अंतर्गत भोपाल के इटारसी माल गोदाम परिसर की साफ सफाई कॉन्ट्रैक्ट हेतु रुचि की अभिव्यक्ति</u>

भोपाल मण्डल के इटारसी माल गोदाम परिसर (गुड्स प्लेटफॉर्म, लेबर & मर्चेन्ट रूम, कार्यालय, शेड एवं गूड्स हँडलिंग लाइन/ ट्रैक सहित) की सफाई के साथ अन्य संसाधनों से आय प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस हेतु माल गोदाम में ग्लो साइन बोर्ड तथा बाउंड्री वाल पर विज्ञापन प्रदर्शित कर एवं रिफ्रेशमेंट स्टाल संचालित कर आय प्राप्त किया जा सकता है।

आय प्राप्त करने हेतु शर्तें:- प्रस्तावक द्वारा निम्न कार्य से आय प्राप्त किया जा सकता है:

1. प्रस्तावक को इटारसी माल गोदाम में 5000 वर्ग फिट स्थान पर गलो साइन तथा बाउंड्री पर विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति होगी।
2. प्रस्तावक को माल गाड़ी में अनलोडिंग/ लोडिंग के पश्चात प्लेटफॉर्म/गुड्स लाइन पर पड़े पदार्थ (स्वीपिंग) जैसे गेहूं, सीमेंट, अनाज आदि को साफ कर ले जाने की अनुमति होगी।
3. प्रस्तावक को माल गोदाम में एक रिफ्रेशमेंट स्टाल संचालित करने की अनुमति होगी।

लाईसेंस आवंटन की शर्तें:-

1. लाईसेंसी द्वारा मालगोदाम प्लेटफ़ॉर्म तथा ट्रेक पर लोडिंग अनलोडिंग के समय गिरने वाले वेस्ट पदार्थों तथा मिट्टी आदि की सफाई एवं पूरे माल गोदाम परिसर (गूड्स प्लेटफ़ॉर्म, लेबर, मर्चेन्ट रूम, कार्यालय, शेड एवं गूड्स हँडलिंग लाइन/ट्रैक सहित) की सफाई स्वयं के खर्च पर अपने कर्मचारीयों द्वारा कराया जाना होगा।
2. साफ किए गए वेस्ट का निष्पादन रेल्वे द्वारा निर्धारित स्थान पर करना होगा।
3. रेल्वे ट्रेक की सफाई, मिट्टी इत्यादि हटाने का कार्य इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी की उपस्थिती में करना होगा।
4. लाइसेन्सी को आवश्यकता अनुसार बिजली कनेक्शन लेने हेतु वरि मंडल विधुत इंजीनियर (सा) भोपाल को आवेदन कर बिजली कनेक्शन प्राप्त करना होगा। पानी के कनेक्शन हेतु लाईसेंसी को नियमानुसार इंजीनियरिंग विभाग को आवेदन कर पानी का कनेक्शन लेना होगा व पानी के बिल के अतिरिक्त अन्य नियत प्रभार जमा कराने होंगे |
5. लाइसेन्सी को गोदाम में रिफरेशमेंट स्टाल हेतु 120 वर्ग फिट स्थान उपलब्ध कराया जायेगा जिस पर अस्थाई निर्माण का खर्च लाइसेन्सी के द्वारा वहन किया जायेगा।
6. भविष्य में उक्त आवंटित स्थान की मांग यदि रेल प्रशासन द्वारा की जाती है तो लाइसेन्सी द्वारा उक्त स्थान को निर्धारित समय सीमा में खाली करना होगा जिसका पूरा खर्च प्रस्तावक द्वारा वहन किया जायेगा। रेलवे द्वारा माल गोदाम क्षेत्र में अन्य स्थान आवंटित किया जायेगा।
7. रेल प्रशासन द्वारा जगह बदलने, कम एरिया उपलब्ध होने या अन्य किसी कारणों से होने वाले नुकसान के लिये रेल प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा।
8. इस ठेके के कार्य से संबंधित समस्त सुरक्षा सावधानिया ठेका प्रारंभ होने से पूर्व प्रस्तावक के द्वारा सुनिश्चित किये जायेगें ।
9. प्रस्तावक द्वारा इस कार्य हेतु अपने खर्च पर निर्धारित स्टाफ को रखा जायेगा जिस हेतु समस्त वैधानिक दायित्व पूरे करने की जिम्मेदारी प्रस्तावक की होगी इस कार्य हेतु रेलवे प्रधान

न्योक्ता नहीं होगा।

10. प्रस्तावक को अपने स्टाफ का वेतन श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित मिनिमम वेजेस के आधार पर करना होगा।
11. आवंटित कार्य के अतिरिक्त यदि लाइसेन्सी या उसके कर्मचारी अन्य गतिविधियों में लिप्त पाये जाते हैं तो ठेका तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जायेगा होने वाले नुकसान के लिये रेल प्रशासन जिम्मेदार नही होगा।
12. कार्यरत कर्मचारी रेलवे द्वारा अनुमोदित यूनीफार्म में आई डी कार्ड के साथ कार्य करेगें। आई डी कार्ड स्टेशन प्रबंधक द्वारा हस्ताक्षरित होगें। लाइसेन्सी को ठेका प्रारंभ करने से पूर्व नियुक्त समस्त स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन स्टेशन प्रबंधक व मुख्य माल पर्यवेक्षक के कार्यालय में जमा कराने होगें।
13. इस कार्य हेतु लाइसेन्सी को उपलब्ध कराये गये समस्त सामान की सुरक्षा की जिम्मेदारी लाइसेन्सी की होगी इस संबंध में रेलवे का कोई दायित्व नही होगा।
14. लाइसेन्सी के कार्य से रेल्वे तथा ठेकेदारों को कभी भी किसी प्रकार कर असुविधा उत्पन्न नही होनी चाहिये.
15. ठेका अवधि में किसी भी प्रकार की अनियमित्ता पाये जाने/शिकायत पर दंड अधिरोपित करने का पूर्ण अधिकार वरि मंडल वाणिज्य प्रबंधक भोपाल को होगा।
16. इस कार्य के क्रियान्वयन हेतु माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशो का पालन आपके द्वारा स्वयं सुनिश्चित करना होगा।
17. प्रस्तावक द्वारा निम्न मदों पर अपना प्रस्ताव में प्रस्तावित करना आवश्यक है: -
    a. रेल प्रशासन को प्रस्तावित वार्षिक लाइसेन्स फीसः रु
    b. लाइसेन्सी द्वारा इस कार्य हेतु आय प्राप्त करने का पूर्ण विवरण आवेदन के साथ उपलब्ध कराये।

प्रस्ताव दिनांक 25/07/2024 को 15:00 बजे तक निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं:

Email: srdcmbpl2012@gmail.com

अथवा

हार्ड कॉपी निम्न पते पर पहुंचनी चाहिए:
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,
भूतल,
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे,
भोपाल-462024
ईओआई वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है
: www.wcr.indianrailways.gov.in

कृते मं रे प्र (वा), भोपाल
प. मध्य. रेलवे